...लय, प्राचार्य चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी
महाविद्यालय सीहोर (म.प्र.)
Ph. : 07562-224156, 224240, Fax : 07562- 224240
E_mail :- hecsaglcseh@mp.gov.in
Website :- www.mp.gov.in/highereducation/sehore

दिनांक

## राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई – प्रतिवेदन नियमित गतिविधि

चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर राष्ट्रीय सेवा योजना – छात्रा इकाई द्वारा सत्र 2017–18 में आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन निम्नानुसार है –

सत्र के प्रारम्भ में 02 जुलाई 2017 को महावृक्षारोपण के अंतर्गत समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ व एन.एस.एस. की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में लगभग 200 पौधे रोपित किये गये। 24 जुलाई को पालीथिन प्रतिबंध पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय प्राचार्य तथा रसायन शास्त्र की प्राध्यापक डॉ.इला जैन द्वारा एन.एस.एस. के छात्र/छात्राओं को पालीथिन के दुष्प्रभाव से अवगत कराया व पालीथिन प्रतिबंध हेतु शपथ दिलवाई गई। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दि. 04.08.17 प्रभारी प्राचार्य डॉ. उषा नायर ने राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रीना मरकाम, महाविद्यालयीन स्टॉफ, कार्यालयीन स्टॉफ व एन.एस.एस. छात्र/ छात्राओं को शपथ ग्रहण करवाई। दिनांक 11.08.17 को स्वच्छता पर रैली निकलवाकर पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दि. 20.08.17 को भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री मेधावी शुल्क पत्रक विवरण कार्यक्रम में छात्राओं को ले जाया गया दि. 01.09.17 को नदियों के संरक्षण पर निबंध, स्लोगन, कविता प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमे अधिक से अधिक संख्या में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भाग लिया। साथ ही महिला सशक्त वाहिनी में पुलिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन भरवाए गए।

दि. 14.09.17 को राष्ट्रीय सेवा योजना का अभिमुखीकरण कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ.कल्पना दवे, पूर्व स्वयंसेवक राकेश वर्मा, डॉ.सुशीला पटेल, डॉ.इला जैन, एन.एस.एस. अधिकारी रीना मरकाम, व श्री देवेन्द्र वरवडे की उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय हेतु दि. 18.09.17 को RDC Selection किया गया।

दि. 25.09.17 को एन.एस.एस. डे राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस प्राचार्य डॉ.पुष्पा दुबे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमे बड़ी संख्या में एन.एस.एस. की छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

दि. 26.09.17 को औरिएंटेशन व प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में आयोजित किया गया।

दि. 25.09.17 को एन.एस.एस. स्वयंसेवको द्वारा सीहोर मे सीवन नदी के घाट की साफ–सफाई की गई। दि. 31.10.17 को सद्भावना दिवस पर शपथ दिलवाई गई व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दि. 25.11.17 को विश्व एड्स जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

दि. 27.11.17 संविधान दिवस पर डॉ.भुवनेश्वरी स्वामी द्वारा संविधान पर ...व दिया गया व प्राचार्य द्वारा शपथ दिलवाई गई। एन.एस.एस. छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। दि. 01.12.17 को एड्स दिवस पर राष्ट्रीय ...योजना के छात्र/छात्राओं द्वारा जिला अस्पताल में उपस्थित होकर जागरूकता रैली ...ली व नुक्कड़ नाटक द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत नागरिकों को जागरूक किया। दि. 19.01.18 को कन्या महाविद्यालय के साथ मिलकर मतदान जागरूकता हेतु मानव श्रंखला का निर्माण किया तथा दि. 20.01.18 को एकात्मक यात्रा में भी एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। फरवरी मार्च माह में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। रा.से.यो. छात्रा इकाई से कु.शिवानी माहेश्वरी एवं नितिशा त्यागी ने राज्यस्तरीय शिविर जिला बड़वानी ग्राम पिपलाज में 21मार्च 2018 से 29मार्च 2018 तक सहभागिता की तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपरोक्त छात्राओं को सम्मानित किया गया।

(श्रीमती रीना मरकाम)
कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य